# वैगन रिपेयर शॉप

# राजभाषा संदेश

सितंबर -2022

त्रैमासिक पत्रिका





| मार्गदर्शक | संपादक | उप संपादक |
|---|---|---|
| श्री सुबोध चौधरी | श्री भास्कर गुहा | श्री ललित कुमार कुंडे |
| मुख्य कर्मशाला प्रबंधक | सहा..कर्मशाला कार्मिक अधिकारी | कनिष्ठ अनुवादक |



# हिंदी साहित्यकार



## रामधारी सिंह “ दिनकर”

रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में हुआ था. उनके पिता का नाम रवि सिंह और माता का नाम मनरूप देवी था. दिनकर के पिता एक साधारण किसान थे और जब दिनकर दो वर्ष के थे, तब उनके पिता की मृत्यु हो गई थी. इसीलिए दिनकर और उनके भाई-बहनों का पालन-पोषण उनकी विधवा मां ने किया था. दिनकर का बचपन देहात में बीता, जहाँ दूर-दूर तक फैली खेतों की हरियाली, आम के बाग और कंसास का फैलाव था. प्रकृति की इस सुंदरता का प्रभाव दिनकर के मन में बस गया, शायद इसीलिए उनपर वास्तविक जीवन की कठोरता का भी अधिक गहरा प्रभाव पड़ा।

### रामधारी सिंह दिनकर की शिक्षा

दिनकर जी ने अपनी प्राम्भिक शिक्षा गाँव के एक प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की. उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ‘मोकामाघाट हाई स्कूल’ से प्राप्त की. इसी बीच इनका विवाह भी हो चुका था तथा ये एक पुत्र के पिता भी बन चुके थे. एक छात्र के रूप में, दिनकर को कई वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ा, जब वे मोकामाघाट हाई स्कूल के छात्र थे, तो शाम 4 बजे स्कूल बंद होने तक उनके लिए वहाँ रुकना संभव नहीं था. क्योंकि लंच ब्रेक के बाद उंन्हे घर वापस जाने के लिए स्टीमर पकड़ने के लिए क्लास छोड़नी पड़ती थी. वह हॉस्टल का खर्चा भी नहीं उठा सकता थे इसीलिए उंन्हे क्लास को छोड़ना पड़ता था।

एक छात्र के रूप में, उनके पसंदीदा विषय इतिहास, राजनीति और दर्शन थे. स्कूल में और बाद में कॉलेज में, उन्होंने हिंदी, संस्कृत, मैथिली, बंगाली, उर्दू और अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन किया था।

रामधारी सिंह दिनकर जी ने 1928 में मैट्रिक के बाद, पटना विश्वविद्यालय से 1932 में इतिहास में बी. ए. ऑनर्स किया था. जिसके बाद अगले ही साल उन्हें एक स्कूल में ‘प्रधानाध्यापक’ नियुक्त किया गया. वह 1934 से 1947 तक बिहार सरकार की सेवा में सब-रजिस्ट्रार और प्रचार विभाग के उपनिदेशक के रूप में कार्यरत रहे. दिनकर जी का राजनीतिक जीवन भी था, वे तीन बार राज्यसभा के लिए चुने गए, और उन्होंने 3 अप्रैल 1952 से 26 जनवरी 1964 तक राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया. वह 1960 के दशक की शुरुआत में भागलपुर विश्वविद्यालय (भागलपुर, बिहार) के कुलपति भी थे।

दिनकर जी इकबाल, रवींद्रनाथ टैगोर, कीट्स और मिल्टन से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर की कृतियों का बंगाली से हिंदी में अनुवाद भी किया था। दिनकर जी का निधन 24 अप्रैल 1974 को बेगूसराय, बिहार में हुआ था।

# उपलब्धियां

## पीओएच वैगनों का आउटटर्न

| | Last Year 2021-22 | | Last Year 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|
| | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| सितंबर | 413 | 2274 | 413 | 2472 |
| अगस्त | 455 | 1861 | 432 | 2059 |
| जुलाई | 440 | 1406 | 443 | 1628 |
| जून | 408 | 966 | 442 | 1185 |
| मई | 295 | 558 | 412 | 743 |
| अप्रैल | 263 | -- | 331 | -- |

## BOXN व्हील सेटों का पीओएच

| Wheel Sets | | Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| | सितंबर | 2154 | 11003 | 1687 | 11393 |
| BOXN | अगस्त | 2290 | 8849 | 1931 | 9706 |
| | जुलाई | 2253 | 6559 | 1845 | 7775 |
| | जून | 1856 | 4306 | 2402 | 5930 |
| | मई | 1302 | 2450 | 1699 | 3528 |
| | अप्रैल | 1148 | -- | 1829 | -- |

## बीवीजेडआई / बीवीसीएम / बीवीजेडसी

| Wagon | | Last Year 2021-22 | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Sept' 21 | | Upto Sept' 21 | |
| | सितंबर | 12 | 85 | 8 | 49 |
| BVZI/BVZC/ BVCM | अगस्त | 19 | 73 | 7 | 41 |
| | जुलाई | 14 | 54 | 8 | 34 |
| | जून | 15 | 40 | 5 | 26 |
| | मई | 17 | 25 | 13 | 21 |
| | अप्रैल | 8 | -- | 8 | -- |

# उपलब्धियां

Wagon

## बॉक्सएनएचएल वैगनों का पीओएच

| | | Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| BOXNHL | सितंबर | 114 | 606 | 139 | 1121 |
| | अगस्त | 100 | 492 | 163 | 982 |
| | जुलाई | 118 | 392 | 217 | 819 |
| | जून | 109 | 274 | 223 | 602 |
| | मई | 82 | 165 | 188 | 379 |
| | अप्रैल | 83 | -- | 191 | -- |

## वैगन होल्डिंग

| | Last Year 2021-22 | | Sept' 22 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 | |
| सितंबर | 392 | 366 | 203 | 211 | |
| अगस्त | 447 | 360 | 244 | 212 | |
| जुलाई | 448 | 339 | 190 | 204 | |
| जून | 390 | 302 | 167 | 209 | |
| मई | 282 | 259 | 256 | 230 | Current Year 2022- |
| अप्रैल | 235 | -- | 204 | -- | |

## साइकल टाइम

| | Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|
| | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| सितंबर | 8.97 | 8.40 | 5.92 | 6.77 |
| अगस्त | 8.49 | 8.29 | 5.20 | 6.93 |
| जुलाई | 6.89 | 8.24 | 3.67 | 7.37 |
| जून | 13.35 | 12.68 | 5.47 | 8.48 |
| मई | 11.60 | 9.60 | 11.08 | 8.60 |
| अप्रैल | 7.59 | -- | 9.25 | 9.25 |

# उपलब्धियां

## स्क्रैप का निस्तारण

| Description of Scrap | Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|
| | Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| Ferrous (in MT) | 3236.845 | 8981.53 | 2939.266 | 8628.145 |
| Non- ferrous (in MT) | 2.460 | 7.343 | 2.40 | 8.231 |
| STB (in MT) | 130 | 340 | 100 | 400 |
| Wagon (in nos.) | 181 | 546 | 57 | 190 |

## सी टी आर बी का पी.ओ.एच

| Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|
| Sept' 21 | Upto Sept' 21 | Sept' 22 | Upto Sept' 22 |
| 3316 | 21200 | 2892 | 19286 |

## मंडल को व्हील सेट की सुपुर्दगी

| | Last Year 2021-22 | | Current Year 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|
| | Month | Cumulative | Month | Cumulative |
| Elec. Loco | 12 | 28 | 18 | 72 |
| Diesel Loco | 09 | 36 | 12 | 32 |
| I.C.F | 00 | 05 | 00 | 05 |
| BOXN | 537 | 2277 | 52 | 1509 |
| N.T.P.C/OPGC | 00 | 40 | 00 | 34 |
| Others | 00 | 02 | 05 | 48 |

## आर एस पी कार्य

| S.N | Description of Work | Sept' 22 | Cumulative |
|---|---|---|---|
| 1. | Complete Renewal of End wall, Side wall and flooring of BOXN Wagons(Qty.1000 Wagons) | 13 | 1000 |
| 2. | Complete Renewal of End wall, Side wall and flooring of BOXN Wagons(Qty.200 Wagons) | 10 | 32 |
| 3. | Retro-fitment of twin pipe brake system in wagons (Qty. 4000 wagons) | 50 | 840 |

# प्रशासनिक शब्दावली

## संक्षिप्त टिप्पणियां

| | |
|---|---|
| agree | सहमत होना, राजी होना |
| agreement | 1. समझौता 2. सहमति |
| appointment | 1. नियुक्ति 2. मुलाकात का समय |
| assessment | 1. मूल्यांकन 2 निर्धारण |
| austerity measure | मितव्ययता उपाय, किफ़ायत के उपाय ,मितोपभोग  उपाय |
| authenticate | प्रामाणिक ठहराना |
| authorize | प्राधिकृत करना, अधिकृत करना |
| bio-data | जीवन वृत्त, परिचय |
| birth control | जन्म नियंत्रणसंतति |
| blank cheque | 1. कोरा चेक 2. व्यापक अधिकार |

## लघुरूप

| | | |
|---|---|---|
| COM | मुख्य परिचालन प्रबंधक (विशेष कार्य) | मुपरिप्र (बिका) |
| EO | दक्षता अधिकारी | दधि |
| SWSO | वरिष्ठ कार्य अध्ययन अधिकारी | वकाध्यधि |
| OSD(SIU) | विशेष कार्य अधिकारी (कर्मचारी निरीक्षण यूनिट) | विकाधि(कनियू) |
| Asst. SUPDT (Stay) | सहायक अधीक्षक (लेखा सामग्री) | सधी (लेता) |
| Asst. Supdt (R&D) | सहायक अधीक्षक (प्राप्ति एवं प्रेषण) | सधी (प्राप्रे) |
| Janitor | जैनीटर | जैनी |
| GPRO | मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी | मुजसंधि |
| PRO | जन सम्पर्क अधिकारी | जसंधि |
| Asst. Coml. Publicity officer | सहायक वाणिज्य प्रचार अधिकारी | सवाप्रधि |
| APRO | सहायक जन सम्पर्क अधिकारी | सजसंधि |
| Chief Adv. Publicity officer | मुख्य विज्ञापन निरीक्षक | मुविज्ञानिरी |
| Sr. Publicity Insp. | वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक | वप्रनिरी |
| Chief Photographer | मुख्य फोटोग्राफर | मुफो |
| Chief Projectionist | मुख्य प्रोजेक्शनिस्ट | मुप्रो |

# स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत मिशन के तहत सितंबर -22 तिमाही के दौरान वैगन रिपेयर शॉप स्थित कार्यालयों एवं कारखाना परिसर सुव्यवस्थित साफ सफाई की गई।






















# स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक 15 अगस्त 2022 को वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर के प्रांगन में 75वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुबोध चौधरी, मुख्य कर्मशाला प्रबंधक, वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर ने अपने संबोधन में वैगन रिपेयर शॉप की प्रगति एवं उपलब्धियों से अवगत कराया. इस अवसर पर आर.पी एफ के जवान, स्काउट एवं गाइड के बच्चे तथा अन्य कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी.






# महाप्रबंधक का निरीक्षण

श्री आलोक कुमार,महाप्रबंधक,द.पू.म.रेलवे ने 20 मई 2022 को वैगन रिपेयर शॉप के विभिन्न ओवरहौलिंग प्रक्रियाओं, कैंटीन एवं नए परियोजनाओं का निरीक्षण किया. महाप्रबंधक महोदय ने डीजी सेट, कम्प्रेसर हाउस और नए CTRB सेक्शन का उदघाटन किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय के साथ समस्त वरिष्ठ अधिकारियों ने वृक्षारोपण भी किया।










श्री आलोक कुमार





# प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर का निरीक्षण












# अंतर्राष्ट्रीय योग  दिवस

वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में दिनांक 21.06.2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्टाफ कैंटीन, गेटवे ऑफ़ इंडिया परिसर एवं रेलवे इंस्टिट्यूट में लगभग 147 अधिकारियों/कर्मचारियों  ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया ।





# सुपरवाइज़र एवं स्टाफ के प्रशिक्षण

1. 91 कर्मशाला कर्मचारियों ने बीटीसी/वैरिशॉ द्वारा वेल्डिंग प्रशिक्षण (ISO:9606 ) के अनुसार(प्रशिक्षण प्राप्त किया।
2. उत्पादन मे गुणवत्ता एवं कार्य विधि की जानकारी के लिए नॉलेज डेव्लपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 1881 कर्मचारियों को वैगन के रख रखाव कार्य एवं रख रखाव पद्धति का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
3. 33 कर्मचारियों ने MDZTI/BSP मे फिटर ट्रेड का रिफ्रेशर कोर्स के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया।
4. 02 SSE ने TTC, RCF/ कपूरथला मे फैक्टरी एक्ट और औद्योगिक सरंक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया।
5. 02 SSE/JE ने IWRI/BLW/वाराणसी मे वेल्डिंग पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।
6. 21 कर्मचारियों ने DTTC/MIB/NGP मे फिटर ट्रेड का रिफ्रेशर कोर्स के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया।
7. 08 कर्मचारियों ने TTC/कपूरथला में विभिन्न पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया।
8. 02 कर्मचारियो ने AWTI/ICF/ चेन्नई मे स्टैनलेस स्टील वेल्डिंग पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।
9. 07 JE/SSE ने STC/KGP मे रिफ्रेशर कोर्स के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया।
10. 03 JE/SSE नें IRIMEE जमालपुर में "परिसंपत्तियों के खरीद, निर्माण और बदलाव तथा इंजीनियरिंग मटेरियल, स्पेसिफिकेशन और प्रमाणीकरण पर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया।









# मिथिला

मैं पतझड़ की कोयल उदास,
बिखरे वैभव की रानी हूँ
मैं हरी-भरी हिम-शैल-तटी
की विस्मृत स्वप्न-कहानी हूँ।

अपनी माँ की मैं वाम भृकुटि,
गरिमा की हूँ धूमिल छाया,
मैं विकल सांध्य रागिनी करुण,
मैं मुरझी सुषमा की माया।

मैं क्षीणप्रभा, मैं हत-आभा,
सम्प्रति, भिखारिणी मतवाली,
खँडहर में खोज रही अपने
उजड़े सुहाग की हूँ लाली।

मैं जनक कपिल की पुण्य-जननि,
मेरे पुत्रों का महा ज्ञान ।
मेरी सीता ने दिया विश्व
की रमणी को आदर्श-दान।

मैं वैशाली के आसपास
बैठी नित खँडहर में अजान,
सुनती हूँ साश्रु नयन अपने
लिच्छवि-वीरों के कीर्ति-गान।

नीरव निशि में गंडकी विमल
कर देती मेरे विकल प्राण,
मैं खड़ी तीर पर सुनती हूँ
विद्यापति-कवि के मधुर गान।

नीलम-घन गरज-गरज बरसें
रिमझिम-रिमझिम-रिमझिम अथोर,
लहरें गाती हैं मधु-विहाग,
'हे, हे सखि ! हमर दुखक न ओर ।'

चांदनी-बीच धन-खेतों में
हरियाली बन लहराती हूँ,
आती कुछ सुधि, पगली दौड़ो
मैं कपिलवस्तु को जाती हूँ।

बिखरी लट, आँसू छलक रहे,
मैं फिरती हूँ मारी-मारी ।
कण-कण में खोज रही अपनी
खोई अनन्त निधियाँ सारी।

मैं उजड़े उपवन की मालिन,
उठती मेरे हिय विषम हूख,
कोकिला नहीं, इस कुंज-बीच
रह-रह अतीत-सुधि रही कूक।

मैं पतझड़ की कोयल उदास,
बिखरे वैभव की रानी हूँ,
मैं हरी-भरी हिमशैल-तटी
की विस्मृत स्वप्न-कहानी हूँ।

**-रामधारी सिंह " दिनकर"**

# पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैगन रिपेयर शॉप रायपुर के विभिन्न परिक्षेत्र में 1500 पौधों को रोपित किया गया।






आजादी के अमृत महोत्सव -2022 के अवसर पर 13.08.2022 को वृक्षारोपण का कार्य वैगन रिपेयर शॉप रायपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया गया।





# हर घर झंडा अभियान

आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत चलाये गये “हर घर झंडा अभियान” में रायपुर वर्कशॉप एवं रेलवे कालोनी में अधिकारियों/ कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।





# हिंदी सप्ताह समारोह-2022

राजभाषा अनुभाग, वैगन रिपेयर शॉप रायपुर द्वारा दिनांक 22-09-2022 से दिनांक 29-09-2022 तक “हिंदी सप्ताह समारोह-2022 ” का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी कार्यशाला, हिंदी निबंध, हिंदी काव्य पाठ एवं टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. हिंदी सप्ताह समारोह का समापन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के साथ की गई. समापन के अवसर पर वैरिशॉ के कर्मचारियों द्वारा काव्य पाठ व गीतों की प्रस्तुति दी गई.












